>

Title: Regarding alleged dislocation of residents of Shramik Nagari in Dhanbad district of Jharkhand by Coal India Ltd.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय ,मैं आपके माध्यम से भूली श्रमिक नगरी धनबाद (झारखंड) पर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि एशिया की सबसे बड़ी श्रमिक नगरी भूली की स्थापना तत्कालीन श्रम मंत्री, बाबू जगजीवन राम के द्वारा धनबाद में की गई थी। वहां कोलियरी कर्मचारी तथा अन्य लोग उस समय से मान्य नियमों के अनुसार रह रहे हैं। उन्हें वहां रहते हुए पचास वर्ष हो गये हैं। लेकिन आज उन्हें वहां से विस्थापित किया जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि जो मान्य नियम था, जिस समय इस नगरी की स्थापना की गई थी, उस आधार पर वहां के लोगों को वहीं रहने दिया जाए, उन्हें विस्थापित न किया जाए।